# नस्लवाद (रेसिज़्म) विरोधी नीति

प्रिय माता-पिता और देखभालकर्ता

शिक्षा विभाग नस्लवाद (रेसिज़्म) के सभी रूपों को अस्वीकार करता है और NSW के पब्लिक (सरकारी) स्कूलों में सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग की Anti-Racism Policy (नस्लवाद विरोधी नीति) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी छात्र, कर्मचारी, अभिभावक, देखभालकर्ता या समुदाय का सदस्य स्कूल के वातावरण में नस्लवाद का अनुभव न करे।

यह नीति स्कूल समुदाय के सभी सदस्यों को दूसरों की सांस्कृतिक, भाषाई और धार्मिक पृष्ठभूमियों के लिए सम्मान का प्रदर्शन करके और स्कूल के वातावरण में स्वीकृति और सद्भाव को बढ़ावा देने वाले तरीकों से व्यवहार करके नस्लवाद का मुकाबला करने में सहायता करने के लिए कहती है।

प्रत्येक स्कूल में एक नस्लवाद-विरोधी संपर्क अधिकारी (Anti-Racism Contact Officer (ARCO)) होता है जिसे स्कूलों में नस्लवाद का मुकाबला करने में सहायता करने और स्कूलों में नस्लवाद की शिकायतें करते समय नस्लवाद स्कूल समुदाय का समर्थन करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इस नीति और ARCO की भूमिका के बारे में अधिक जानकारी के लिए Anti-Racism Policy - Information for parents and carers (नस्लवाद विरोधी नीति - माता-पिता और देखभालकर्ता के लिए सूचना) देखें।

एक सकारात्मक स्कूल वातावरण बनाए रखने में हमारी सहायता करने के लिए धन्यवाद जिसमें सभी प्रकार के नस्लवाद को अस्वीकार किया जाता है। यदि आप या आपका बच्चा/बच्ची किसी भी प्रकार के नस्लवाद का अनुभव करते हैं, हमारे स्कूल में किसी को भी नस्लवाद का अनुभव करते/ करती हुए देखते हैं, या यदि आप अधिक जानकारी या सहायता चाहते//चाहती हैं तो कृपया मुझसे संपर्क करें।

आपका/आपकी विश्वनीय

प्रिंसिपल

## दुभाषिया सहायता

यदि आप अधिक जानकारी चाहते/चाहती हैं और आपको स्कूल या प्रिंसिपल से संपर्क करने में मदद करने के लिए एक दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में एक दुभाषिया माँगे।

ऑपरेटर को स्कूल का फोन नंबर बताएं और ऑपरेटर स्कूल को फोन करेगा और आपकी बातचीत में आपकी मदद करने के लिए लाइन पर एक दुभाषिए को लाएगा।

दुभाषिया सेवाओं के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।